TV मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित हिन्दी दैनिक उत्तरशक्ति हर खबर निष्पक्षता के साथ NEWS

मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्षः 8 अंक 285
मंगलवार, 05 मई 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

हर खबर निष्पक्षता के साथ


## तीन राज्यों में भगवा परचम, काशी में विजय-उत्सव की गूंज : हर तरफ छाया भगवा उल्लास

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** लोकतंत्र के महापर्व में जब जनादेश स्पष्ट होता है, तो उसका उत्सव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक भी बन जाता है। कुछ ऐसा ही दृश्य सोमवार को रोहनियां, संसदीय कार्यालय गुरुधाम, गुलाब बाड़ी सिगरा स्थित राजन शाही नगर कॉलोनी से लेकर शहर के हर चट्टी चैराहों पर देखने को मिला, जहां पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय के बाद कार्यकताओं का उत्साह मानो आसमान छूने लगा। तीनों राज्यों में मिली जीत ने भाजपा कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है। काशी की गलियों से लेकर प्रमुख चौराहों तक उत्सव का माहौल बना रहा, जहां कार्यकताओं ने न केवल अपनी खुशी जाहिर की, बल्कि आमजन के साथ मिलकर इस जीत को साझा किया।

- पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी से गूंजा शहर
- मिठाइयों और झालमुड़ी के साथ सजी जीत की मिठास, परिवर्तन के संकल्प संग गूंजे जयघोष
- पश्चिम बंगाल की जनता ने परिवर्तन का जो संदेश दिया है, वह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि जनभावनाओं का प्रबल उद्गार है : सदस्य सरवर सिद्दीकी



रोहनियां कार्यालय परिसर विजय के वंदनवारों से सजा था। हर चेहरे पर जीत की चमक, हर हाथ में मिठास और हर जुबान पर जयघोष– पूरा वातावरण उल्लास की तरंगों में डूबा नजर आया। कार्यकर्ता एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बधाइयां दे रहे थे, वहीं झालमुड़ी की सोंधी खुशबू ने इस जश्न में बंगाल की सांस्कृतिक छटा भी घोल दी। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो बनारस की धरती पर बंगाल का उत्सव उतर आया हो। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए इस विजय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह की रणनीतिक कुशलता और जमीनी कार्यकताओं की अथक मेहनत का प्रतिफल है।भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सरवर सिद्दीकी ने कहा पश्चिम बंगाल की जनता ने परिवर्तन का जो संदेश दिया है, वह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि जनभावनाओं का प्रबल उद्गार है। संसदीय कार्यालय गुरुधाम कार्यालय परिसर में कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस दौरान राहगीरों और स्थानीय लोगों के बीच मिठाइयों के साथ-साथ झालमुड़ी बांटकर उत्सव का माहौल और भी खास बना दिया गया। ₹नरेंद्र मोदी जिंदाबाद₹ और ₹मोदी है तो मुमकिन है₹ जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। इसके बाद कार्यकताओं ने एक भव्य विजय जुलूस निकाला, जो संसदीय कार्यालय से प्रारंभ होकर गुरुधाम चौराहा होते हुए इस्कॉन मंदिर तक पहुंचा। जुलूस के दौरान रास्ते भर कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों पर नृत्य किया और उत्साह के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया। इस्कॉन मंदिर पहुंचने पर वहां के सेवादार और भक्त भी जुलूस में शामिल हो गए, जिससे आयोजन और भव्य हो गया।

अंत में जुलूस पुनः कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुआ। संसदीय कार्यालय प्रभारी शिवशरण पाठक, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, संतोष सोलपुरकर, नंदजी पाण्डेय, शैलेंद्र मिश्रा, साधना वेदांती, गीता शास्त्री, अजय प्रताप सिंह, जगन्नाथ ओझा, निर्मल सिंह, अरविंद, सौरभ पाठक, पवन शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सिगरा स्थित राजन शाही नगर कॉलोनी में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु के कैम्प कार्यालय पर भी भाजपा कार्यकताओं ने जीत का जोरदार जश्न मनाया। यहां बड़ी संख्या में जुटे कार्यकताओं ने ₹मोदी-मोदी₹ के नारों के साथ प्रधानमंत्री और केंद्रीय नेतृत्व को बधाई दी. कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी जाहिर की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं दीं। ₹बधाई हो बधाई हो मोदी जी₹ और ₹अमित शाह को बधाई हो₹ जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। यह जश्न केवल चुनावी जीत का प्रतीक नहीं था, बल्कि एक नई राजनीतिक दिशा, नए संकल्प और जनविश्वास की अभिव्यक्ति भी था।

## जामनगर टाडा कोर्ट का बड़ा फैसला : 1993 हथियार तस्करी कांड में 12 दोषी करार

**गुजरात, 04 मई।** गुजरात की एक विशेष टाडा अदालत ने सोमवार को तीन दशक पुराने हथियार तस्करी मामले में अपना ऐतिहासिक फैसला सुनाया। यह मामला 1993 में गुजरात तट के रास्ते भारत में आरडीएक्स और घातक हथियारों की अवैध तस्करी से जुड़ा है, जिसकी साजिश अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम ने रची थी। जामनगर की एक विशेष टाडा अदालत ने सोमवार को 1993 में गुजरात तट पर हथियारों की तस्करी की साजिश से जुड़े एक मामले में 12 लोगों को दोषी ठहराया और 17 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया।



इस तस्करी में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का हाथ था और इसका उद्देश्य बाबरी मस्जिद विध्वंस का बदला लेना था। विशेष लोक अभियोजक तुषार गोकानी ने बताया कि आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां रोकथाम (टाडा) अधिनियम की विशेष अदालत के न्यायाधीश आर.पी. मोगेरा ने 12 आरोपियों को दोषी ठहराया और उनमें से 10 को पांच साल के कठोर कारावास और दो को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

यह मामला दाऊद इब्राहिम तथा दुबई और पाकिस्तान में स्थित उसके सहयोगियों द्वारा रची गई एक साजिश से संबंधित है, जिसका उद्देश्य अयोध्या में छह दिसंबर, 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस का बदला लेने के लिए समुद्र के रास्ते आरडीएक्स समेत बड़ी मात्रा में हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी करके उन्हें भारत में लाना था। गोकानी ने बताया कि जुलाई 1993 में जामनगर बी-डिवीजन पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी और यह फैसला कई दशकों तक चली जांच के बाद आया है। दाऊद इब्राहिम समेत आरोपियों पर टाडा अधिनियम, भारतीय दंड संहिता, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

इस मामले की जांच 1993 से 2018 तक चली, जिसमें कुल 46 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और दाऊद इब्राहिम, टाइगर मेमन और अनीस इब्राहिम समेत 15 अन्य को फरार घोषित किया गया।

## आज बरसों की साधना सिद्धि में बदल गई, बंगाल में जीत के बाद बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 04 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल, असम और पुडुचेरी में बीजेपी की जीत पर दिल्ली पार्टी हेडक्वार्टर में कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है, अभूतपूर्व है। जब वर्षों की तपस्या सफलता में तब्दील होती है, तो चेहरे पर जो खुशी झलकती है, वही खुशी आज मैं देशभर के भाजपा कार्यकताओं के चेहरों पर देख रहा हूँ। पीएम मोदी ने कहा कि एक कार्यकर्ता के रूप में, मैं हर भाजपा कार्यकर्ता की खुशी में शामिल हूँ। आज का दिन कई मायनों में खास है, असाधारण रूप से खास। यह देश के उज्वल भविष्य की घोषणा का दिन है। यह भरोसे का दिन है। भारत के महान लोकतंत्र पर भरोसा, प्रदर्शन की राजनीति पर भरोसा, स्थिरता के संकल्प पर भरोसा, एक भारत - उत्कृष्ट भारत की भावना पर भरोसा। यह दिन



अनेक मायनों में विशेष है। यह देश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। यह विश्वास का दिन है। भारत के महान लोकतंत्र में विश्वास। प्रदर्शन-आधारित राजनीति में विश्वास। स्थिरता के संकल्प में विश्वास। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना में विश्वास। मैं बंगाल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और केरल की जनता के समक्ष नतमस्तक हूँ।

पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं बंगाल, असम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और केरल के लोगों को सादर प्रणाम करता हूँ; मैं उन सभी को नमन करता हूँ। आज मैं भाजपा के असंख्य कार्यकताओं को हार्दिक बधाई देता हूँ। भाजपा के प्रत्येक छोटे-बड़े कार्यकर्ता ने एक बार फिर चमत्कार कर दिखाया है, कमल को खिला दिया है। आपने नया इतिहास रच दिया है। आज हुए विभिन्न उपचुनावों के परिणाम भी बेहद उत्साहजनक रहे हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, नागालैंड और त्रिपुरा में हुए उपचुनावों में हमारे उम्मीदवारों को जनता का भरपूर समर्थन मिला और उन्होंने इन राज्यों में भी जीत हासिल की।

पीएम मोदी ने कहा कि आज उपचुनावों के नतीजे उत्साहजनक रहे हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, नागालैंड और त्रिपुरा में हुए उपचुनावों में जनता ने हमारे उम्मीदवारों को आशीर्वाद दिया और हमने इन राज्यों में भी जीत हासिल की। एनडीए नेता और महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार जी ने भी महत्वपूर्ण जीत हासिल की है। इन सभी राज्यों की जनता के समर्थन के लिए मैं हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। जीत और हार लोकतंत्र और चुनावी राजनीति का स्वाभाविक हिस्सा हैं। लेकिन इन 5 राज्यों की जनता ने पूरी दुनिया को दिखा दिया है कि हमारा भारत लोकतंत्र की जननी क्यों है। लोकतंत्र हमारे लिए सिर्फ एक व्यवस्था नहीं है; यह एक परंपरा है जो हमारी रगों में बहती है। यह हमारी रगों में बहने वाली परंपराओं की नदी है। आज न केवल भारत का लोकतंत्र विजयी हुआ है, बल्कि भारत का संविधान भी विजयी हुआ है। हमारे संवैधानिक संस्थान विजयी हुए हैं, हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं विजयी हुई हैं।

जीत और हार लोकतंत्र और राजनीति का स्वाभाविक हिस्सा हैं। हालांकि, पांच राज्यों की जनता ने दुनिया को दिखा दिया है कि हमारा देश लोकतंत्र की जननी क्यों है। लोकतंत्र सिर्फ एक व्यवस्था नहीं है, यह हमारी संस्कृति है। आज न केवल लोकतंत्र की जीत हुई है, बल्कि हमारे संविधान की भी जीत हुई है। हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों की जीत हुई है। पश्चिम बंगाल में लगभग 93% मतदान अपने आप में ऐतिहासिक है। असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में भी मतदान के नए रिकॉर्ड बने हैं।

## केरल में यूडीएफ की बंपर जीत पर बोलीं प्रियंका गांधी, जनता का भरोसा हमारा मार्गदर्शन करेगा

**केरल, 04 मई।** केरल चुनावों में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ की शानदार जीत के बाद, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को राज्य की जनता को उनके जबरदस्त समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और उनके लिए बेहतर भविष्य के निर्माण की दिशा में अथक प्रयास करने का संकल्प लिया। पर एक पोस्ट में, गांधी ने कहा कि केरल में मेरे सभी भाइयों और बहनों, आपके विश्वास और अपार समर्थन के लिए धन्यवाद। आपने हम पर जो भरोसा जताया है, वह यूडीएफ के लिए मार्गदर्शक शक्ति होगा, क्योंकि हम आप सभी



के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

प्रियंका गांधी ने आगे कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि अगले पांच वर्षों के प्रत्येक दिन, ईमानदारी और विनम्रता के साथ आपके प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के हमारे प्रयास में, आपके प्रति हमारी कृतज्ञता स्पष्ट रूप से दिखाई देगी। वायनाड की सांसद ने कहा कि वायनाड में मेरे परिवार को, आपने भारी बहुमत से यूडीएफ पर अपना भरोसा फिर से कायम किया है झ 7 में से 7 सीटें!

अब आपके पास वायनाड के विकास के लिए मिलकर काम करने वाले 8 प्रतिनिधि हैं! हम आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## यह टीएमसी के 'भय' पर पीएम मोदी के 'भरोसे' की जीत: अमित शाह

**नई दिल्ली, 04 मई।** पश्चिम बंगाल की 293 सीटों पर मतगणना जारी रहने के दौरान, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सत्तारूढ़ अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर अपनी महत्वपूर्ण बढ़त बनाए रखी है और साथ ही शुरूआती जीत भी दर्ज की है। वर्तमान में देखे तो भाजपा 205 सीटों पर या तो आगे है या जीत ली है। इस जीत को लेकर गृह मंत्री अमित शाह का बयान सामने आया है। अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि बंगाल की जनता को कोटि-कोटि नमन। यह प्रचंड जनादेश भय, तुष्टीकरण और घुसपैठियों के संरक्षकों को बंगाल की जनता का करारा जवाब है। यह टीएमसी के भय के ऊपर नरेंद्र मोदी जी पर भरोसे की जीत है। मेरे जैसे हर भाजपा कार्यकर्ता के लिए यह गर्व का क्षण है कि गंगोत्री में माँ गंगा के उद्गम से लेकर गंगासागर तक आज हर जगह भाजपा का भगवा ध्वज शान से लहरा रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि बंगाल में भाजपा को मिली यह ऐतिहासिक जीत हमारे असंख्य कार्यकताओं के त्याग, संघर्ष और



बलिदान का परिणाम है। यह उन परिवारों के धैर्य की जीत है, जिन्होंने हिंसा सहकर भी भगवा ध्वज नहीं छोड़ा। भाजपा की शून्य से आज प्रचंड बहुमत तक पहुँचने की इस कठिन यात्रा में जिन कार्यकताओं ने अपने प्राणों की आहुति दी, हिंसा झेली, यातनाएँ सहीं और फिर भी विचारधारा के पथ से डिगे नहीं, उन सभी कार्यकताओं और उनके परिजनों को नमन करता हूँ।


DAKS REHAB CENTRE
(PARALYSIS PHYSIOTHERPHY CENTER AND OLD AGE HOME)
Contact us: 9820519851
विल्डिंग नंबर 3, प्लॉट नंबर 3, आदर्श घरकुल सोसायटी सायन कोलीवाडा जीटीबी नगर मुंबई-37

* Stroke/Paralysis/Complete Rehab Centre
* बाहर से आये रोगी और उनके परिजनो के ठहरने कि व्यवस्था
* वृद्ध लोगों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध
* DM/HT/THYROID इन सब से कैसे बचें
* NGO में मिलनेवाली सहायता को लोगों में देना
* चिकिस्ता उपकरणो को किराये और बिक्री सुविधा उपलब्ध
* एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
* पोस्ट ऑपरेटिव रिहैब सेंटर
* मरीजों के लिए घर पर 12 और 24 घंटे जीडीए परिचारक
* विशेषज्ञ डॉक्टरो से ऑनलाइन और ऑफलाइन परामर्श की सुविधा उपलब्ध
* मासिक ईएमआई के आधार पर व्यक्तीयों, परिवारो और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य निती की चिकिस्ता सुविधा उपलब्ध



NEW LIGHT CLASSES
TRADITION OF EXCELLENCE
2nd Floor, Sheetal Bldg. Near Diamond Talkies, L. T. Road, Borivali (West) Mumbai - 400 092 Maharashtra
ADMISSIONS OPEN
ALL OVER INDIA
ENROLL NOW



SMART CLASSROOM
(ONLINE/OFFLINE)
Courses Offered
- Std. XI & XII (Sci.)
- NEET
- JEE (Main & Advance)
- MHT-CET
- Polytechnic & Engg
- Physics and Maths (ICSE, CBSE, ISC)

M: 9833240148 | E: edu@newlightclasses.com | W: www.newlightclasses.com

TIWARI'S SARASWATI CLASSES
— Since 1992 —
Parents' First Choice for 34+ Years
Prof. Dr. Dayanand Tiwari
Founder & Academic Director
ADMISSIONS OPEN
9th | 10th | 11th | 12th SCIENCE
NEET | JEE | MHT-CET
10 DAYS FREE DEMO
Attend Classes • Experience Our Teaching
Take Admission After Satisfaction
(No Hidden Conditions)
- 34+ Years of Academic Excellence
- Experienced & Dedicated Faculty
- Personal Attention
- Printed Notes & Regular Tests
- Strong Foundation for Boards & Competitive Exams

Santacruz Branch: 101 Sai Chambers, Opp. Santacruz Railway Station (East), Near Depot, Santacruz (E), Mumbai-400055
Sion Branch: Opp. SIES College (Old), Near Gurukripa Hotel, Sion (West), Mumbai
Limited Seats / Small Batch Size
CALL NOW:
7738007373

# किराये की संतान नहीं, अपनत्व का पुनर्जागरण चाहिए



-ललित गर्ग

जीवन की सांझ जब अपने पूरे विस्तार के साथ उतरती है, तब मनुष्य को सबसे अधिक आवश्यकता दवाइयों या धन की नहीं, बल्कि अपनों के सान्निध्य और अपनों की होती है। यह वही समय होता है जब व्यक्ति अपने जीवन की संचित स्मृतियों, अनुभवों और भावनाओं को साझा करना चाहता है। लेकिन आज का कठोर यथार्थ यह है कि अनेक बुजुर्ग अपने ही घरों में अजनबी-से होकर रह गए हैं। विशाल मकानों में गूंजती खामोशी, सूने आंगन, और दरवाजे पर टकटकी लगाए प्रतीक्षा करती आंखें-यह सब मिलकर एक ऐसी त्रासदी रचते हैं, जो केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक विघटन का संकेत है। आज वैश्वीकरण, रोजगार की अनिवार्यता और बेहतर भविष्य की तलाश ने नई पीढ़ी को देश-विदेश के कोनों में बिखेर दिया है। यह स्वाभाविक भी है, लेकिन इस प्रक्रिया में जो सबसे बड़ी कीमत चुकाई जा रही है, वह है पारिवारिक संवेदना का क्षरण। अनेक बच्चे विदेश जाकर वहीं बस जाते हैं, अपने जीवन में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि माता-पिता केवल फोन कॉल और औपचारिक संदेशों तक सीमित रह जाते हैं। कुछ तो ऐसे भी हैं जो एक ही शहर में रहते हुए वर्षों तक माता-पिता की सुध नहीं लेते। यह केवल दूरी



की समस्या नहीं, बल्कि भावनात्मक दूरी का संकट है।

इसी संवेदनहीनता के वातावरण में एक नया और विचलित करने वाला प्रचलन उभरा है-किराये की संतानह्व। कुछ कंपनियां और संस्थान अब ऐसे युवाओं या बच्चों को उपलब्ध करा रहे हैं, जो बुजुर्गों के साथ समय बिताते हैं, उनसे बातें करते हैं, उनके साथ सैर करते हैं, खेलते हैं और उनके अकेलेपन को कुछ हद तक कम करने का प्रयास करते हैं। पहली दृष्टि में यह व्यवस्था राहत देती प्रतीत होती है, लेकिन गहराई से देखने पर यह हमारे सामाजिक ढांचे की विफलता का प्रमाण बन जाती है। यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है-क्या अब ममता और अपनत्व भी अनुबंधों और पैकेजों में बांटे जाएंगे? क्या संबंधों की गरमाहट अब सेवा-शुल्क के साथ उपलब्ध होगी? यह स्थिति केवल विडंबना नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक चेतावनी है कि हम अपने मूल्यों से कितनी दूर चले आए हैं। किराये की संतान सुलभ कराने की परम्परा आधुनिक समाज-संरचना की एक बड़ी विडम्बना एवं त्रासदी है।

हालांकि यह भी सत्य है कि हर परिवार की परिस्थितियां समान नहीं होतीं। कई बार बच्चों के सामने ऐसी मजबूरियां होती हैं, जिनके कारण वे माता-पिता के साथ नहीं रह पाते। वहीं कुछ बुजुर्ग भी अपने स्वभाव या सोच के कारण नई पीढ़ी के साथ सामंजस्य नहीं बैठा पाते। लेकिन इन अपवादों के बावजूद, व्यापक स्तर पर जो प्रवृत्ति उभर रही है, वह आत्मकेंद्रित जीवनशैली और संवेदनाओं के ह्रास की ही परिणति है। और भी चिंताजनक तथ्य यह है कि यह सुविधा केवल उन बुजुर्गों के लिए सुलभ है, जिनके पास पर्याप्त आर्थिक संसाधन हैं। मध्यमवर्गीय या निम्नवर्गीय बुजुर्ग, जिनकी आय के स्रोत सीमित हो चुके हैं, वे इस प्रकार की सेवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते। निजी क्षेत्र से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है, जहां पेंशन नगण्य होती है और चिकित्सा खर्च लगातार बढ़ते जाते हैं। ऐसे में उनका जीवन आर्थिक असुरक्षा और मानसिक अवसाद के बीच झूलता रहता है।

निश्चिततौर पर आज का समाज तीव्र गति से बाजारवाद और भौतिकवाद की ओर बढ़ रहा है, जहाँ संबंधों की ऊष्मा और भावनाओं की गहराई धीरे-धीरे क्षीण होती जा रही है। जीवन की प्राथमिकताएँ अब मानवीय मूल्यों से हटकर उपभोग, प्रतिस्पर्धा और आर्थिक सफलता तक सीमित हो गई हैं। परिणामस्वरूप रिश्ते भी उपयोगिता और स्वार्थ के आधार पर आँके जाने लगे हैं। परिवार, जो कभी संवेदना, सहारा और संस्कार का केंद्र हुआ करता था, अब व्यस्तताओं और महत्वाकांक्षाओं के दबाव में बिखरता नजर आ रहा है। इस बदलते परिवेश में बुजुर्ग पीढ़ी सबसे अधिक उपेक्षित हो रही है, क्योंकि वे न तो बाजार की दौड़ में शामिल हो सकते हैं और न ही नई पीढ़ी की भौतिक अपेक्षाओं को पूरा कर पाते हैं। उनके अनुभव, त्याग और स्नेह को अब बोझ या बाधा के रूप में देखा जाने लगा है। संयुक्त परिवारों के टूटने और एकल परिवारों के बढ़ने से उनकी सामाजिक और भावनात्मक सुरक्षा भी कमजोर हुई है। डिजिटल दुनिया ने संवाद को और अधिक सतही बना दिया है, जिससे आत्मीयता का स्थान औपचारिकता ने ले लिया है। ऐसे में बुजुर्गों का अकेलापन, असुरक्षा और उपेक्षा बढ़ती जा रही है, जो हमारे समाज के नैतिक पतन का संकेत है।

विकसित देशों में बुजुर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा की मजबूत व्यवस्थाएं हैं। वहां सरकारें उनकी स्वास्थ्य सेवाओं, पेंशन और देखभाल की जिम्मेदारी निभाती हैं। इसके विपरीत भारत में, जहां परिवार को ही सबसे बड़ी सुरक्षा माना गया था, आज वही ढांचा कमजोर पड़ता जा रहा है। सरकारें कर तो वसूलती हैं, लेकिन बुजुर्गों के लिए समुचित कल्याणकारी योजनाओं का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है। ऐसी परिस्थितियों में समाधान केवल भावनात्मक अपील तक सीमित नहीं रह सकता। इसके लिए बहुआयामी और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सबसे पहले हमें पारिवारिक मूल्यों के पुनर्जागरण की दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे। बच्चों में बचपन से ही माता-पिता के प्रति कर्तव्यबोध, सम्मान और संवेदना का संस्कार विकसित करना होगा। शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम न होकर, जीवन मूल्यों का संवाहक बनेकृयह सुनिश्चित करना समय की मांग है। दूसरा महत्वपूर्ण कदम है-वृद्धाश्रमों और अनाथालयों का एकीकरण। यह विचार केवल कल्पना नहीं, बल्कि एक अत्यंत व्यावहारिक और मानवीय समाधान हो सकता है। यदि एक ही परिसर में बुजुर्गों और अनाथ बच्चों को साथ रखा जाए, तो दोनों की समस्याओं का समाधान संभव है। बच्चों को जहां स्नेह और मार्गदर्शन मिलेगा, वहीं बुजुर्गों को अपनत्व और बच्चों के साथ का अनुभव होगा। यह संबंध कृत्रिम नहीं, बल्कि स्वाभाविक और आत्मीय होगा। सरकार को इस दिशा में नीतिगत पहल करनी चाहिए। सुविधा-संपन्न, गरिमामय और मानवीय वृद्धाश्रमों का निर्माण, जहां केवल देखभाल ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी समावेश हो, यह अत्यंत आवश्यक है। साथ ही निजी संस्थाओं को भी इस क्षेत्र में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, लेकिन यह सुनिश्चित करते हुए कि सेवाएं केवल व्यवसाय न बन जाएं, बल्कि सेवा का भाव प्रमुख रहे। बुजुर्गों को भी इस सच्चाई को स्वीकार करना होगा कि जीवन का यह चरण आत्मनिर्भरता और आत्मबल की मांग करता है। योग, ध्यान, प्राणायाम, सत्संग और सामाजिक सहभागिता उनके जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकते हैं। डिजिटल साक्षरता भी उन्हें अपने बच्चों और समाज से जुड़े रहने में सहायक हो सकती है।

साररूप में यह समझना होगा कि समाज केवल आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि संवेदनाओं की समृद्धि से विकसित होता है। यदि हम अपने बुजुर्गों को सम्मान, स्नेह और सुरक्षा नहीं दे पा रहे हैं, तो हमारी सारी उपलब्धियां अधूरी हैं। ह्वकिराये की संतानह्व का प्रचलन हमें यह सोचने पर विवश करता है कि कहीं हम संबंधों को भी वस्तु तो नहीं बना रहे, भौतिकता की तराजू में तो नहीं तौल रहे हैं। यह समय है आत्ममंथन का अपने भीतर झांकने का और यह तय करने का कि हम कैसा समाज बनाना चाहते हैं। यदि हम सच में एक स्वस्थ, संवेदनशील और संतुलित समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें अपनत्व के उस दीप को पुनः प्रज्वलित करना होगा, जिसकी रोशनी में हर बुजुर्ग अपने जीवन की सांझ को गरिमा और सुकून के साथ जी सके।

# गंगोत्री से गंगासागर तक भगवा की आंधी : सनातन का शंखनाद, योगी हैट्रिक की पक्की बुनियाद!



-सुरेश गांधी



**देश की राजनीति में 2026 का यह जनादेश सिर्फ चुनावी नतीजा नहीं, बल्कि एक निर्णायक वैचारिक घोषणा है। गंगोत्री से गंगासागर तक उठी यह लहर साफ बता रही है कि अब देश की राजनीति की धुरी बदल चुकी है, पहचान, आस्था और मजबूत नेतृत्व ही जनता की पहली पसंद बन चुके हैं। पश्चिम बंगाल में 15 साल पुराना किला ढह गया, असम में जीत की हैट्रिक लगी, दक्षिण में पैर पसरे और विरोधियों के गढ़ दरक गए, यह सब मिलकर एक ही संदेश दे रहे हैं, अब डबल इंजन नहीं, डबल स्पीड का दौर है। सबसे बड़ा संकेत उत्तर प्रदेश के लिए है, जहां 2027 का रण अभी दूर है, लेकिन 2026 का जनादेश साफ कर चुका है कि योगी मॉडल अब क्षेत्रीय नहीं, राष्ट्रीय राजनीति का टेम्पलेट बन चुका है। बंगाल से उठी यह लहर सीधे लखनऊ की सत्ता के गलियारों तक गूंज रही है, जहां संदेश साफ है, जो नैरेटिव यहां जीता, वही 2027 में यूपी की तस्वीर लिखेगा**

फिरहाल, देश की राजनीति में 2026 का यह जनादेश सिर्फ सरकार बदलने की कहानी नहीं, बल्कि विचारधारा के निर्णायक उभार की उद्घोषणा है। गंगोत्री से गंगासागर तक फैली इस चुनावी लहर ने स्पष्ट कर दिया है कि अब भारतीय राजनीति की दिशा बदल चुकी है। पश्चिम बंगाल में 15 वर्षों से अजेय मानी जा रही सत्ता का पतन, असम में लगातार तीसरी बार विजय, दक्षिण भारत में बढ़ती पैठ और केरल में सत्ता परिवर्तन के संकेत, ये सभी मिलकर एक नए भारत की राजनीतिक तस्वीर गढ़ रहे हैं। यह जनादेश बताता है कि अब जनता केवल वादों से नहीं, बल्कि पहचान, सुरक्षा, स्थिरता और निर्णायक नेतृत्व के आधार पर फैसला ले रही है। और इसी बदलती धारा का सबसे बड़ा असर उत्तर प्रदेश की राजनीति पर पड़ने वाला है, जहां 2027 के चुनाव के लिए यह परिणाम एक स्पष्ट संकेत बनकर उभरा है। मतलब साफ है देश की राजनीति में वह क्षण आखिरकार आ ही गया, जिसका लंबे समय से इंतजार था। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव 2026 ने न सिर्फ सरकारें बदली हैं, बल्कि राजनीतिक विमर्श की धुरी भी बदल दी है। पश्चिम बंगाल में 15 वर्षों से अजेय मानी जा रही ममता बनर्जी की सत्ता का अंत, असम में भाजपा की हैट्रिक, पुडुचेरी में बहुमत, तमिलनाडु में नई सियासी करवट और केरल में सत्ता परिवर्तन के संकेत, ये सिर्फ चुनावी नतीजे नहीं, बल्कि जनता के मूड का स्पष्ट संदेश हैं. अब राजनीति भावनाओं, सुरक्षा और ठोस नेतृत्व के इर्द-गिर्द घूमेगी।

बंगालः अभेद्य किला कैसे ढहा?

पश्चिम बंगाल का परिणाम इस चुनाव का सबसे बड़ा और प्रतीकात्मक घटनाक्रम है। ममता बनर्जी का 15 साल पुराना शासन, जो लंबे समय से अजेय माना जा रहा था, इस बार जनता के फैसले के सामने टिक नहीं सका। भाजपा ने न केवल सत्ता हासिल की, बल्कि पूर्ण बहुमत के साथ यह दिखा दिया कि राजनीतिक समीकरण स्थायी नहीं होते। बंगाल में यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि वर्षों से बन रही परिस्थितियों का परिणाम था। भ्रष्टाचार, कटमनी और राजनीतिक हिंसा जैसे मुद्दे जनता के मन में गहराई से बैठे थे. त्योहारों और धार्मिक पहचान को लेकर विवाद ने सामाजिक असंतोष को जन्म दिया. कानून व्यवस्था पर लगातार उठते सवाल सरकार की विश्वसनीयता को कमजोर करते रहे. भाजपा ने इन सभी मुद्दों को संगठित तरीके से उठाया और एक मजबूत विकल्प के रूप में खुद को स्थापित किया।

नामुमकिन हुआ मुमकिन

पश्चिम बंगाल में जो हुआ, वह भारतीय राजनीति के इतिहास में एक बड़ा टर्निंग पॉइंट है। 15 साल तक अपराजेय रहीं ममता बनर्जी को सत्ता से बेदखल कर भाजपा ने न सिर्फ जीत दर्ज की, बल्कि पूर्ण बहुमत हासिल कर यह साबित कर दिया कि सही रणनीति और माहौल बनने पर कोई भी किला अभेद्य नहीं रहता। यह चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं था, यह एक मूड स्विंग था, जिसमें जनता ने परिवर्तन को प्राथमिकता दी। इस चुनाव में सबसे निर्णायक भूमिका पहचान आधारित राजनीति ने निभाई। भाजपा ने सनातन, सांस्कृतिक अस्मिता और सुरक्षा जैसे मुद्दों को केंद्र में रखा। बंगाल में जहां मुस्लिम मतदाता लगभग 25-30ः हैं, वहीं बाकी आबादी का व्यापक एकीकरण भाजपा के पक्ष में गया। यह सिर्फ वोटिंग ट्रेंड नहीं था, बल्कि एक सामाजिक- राजनीतिक पुनर्संरचना थी।

ममता की हार के 5 बड़े कारण

1. हिन्दू वोटों का अभूतपूर्व ध्रुवीकरणः इस चुनाव में सबसे निर्णायक फैक्टर रहा हिन्दू मतदाताओं का एकतरफा झुकाव। भाजपा ने शुरूआत से ही सनातन और पहचान की राजनीति को केंद्र में रखा। भाजपा ने यह नैरेटिव स्थापित किया कि राज्य में हिन्दू असुरक्षित हैं. 25-30ः मुस्लिम वोट बैंक के मुकाबले शेष वोटों का एकजुट होना निर्णायक बन गया. प्रवासी बंगाली हिन्दुओं की वापसी ने समीकरण बदल दिया. यह पहली बार था जब बंगाल में खुला धार्मिक ध्रुवीकरण निर्णायक परिणाम में तब्दील हुआ।

2. कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा का मुद्दाः आरजी कर मेडिकल कॉलेज और दुगार्पुर गैंगरेप जैसी घटनाओं ने सरकार की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाया। महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल लगातार उठे. ममता बनर्जी का लड़कियां रात में न निकलें वाला बयान उल्टा पड़ गया. भाजपा ने पीड़ित परिवारों को टिकट देकर मुद्दे को जीवित रखा. जनता ने इसे सिर्फ अपराध नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता के रूप में देखा।

3. टीएमसी में अंदरूनी कलहः तृणमूल कांग्रेस चुनाव से पहले ही दो धड़ों में बंटी नजर आई। महुआ मोइत्रा बनाम अन्य गुट. कल्याण बनर्जी प्रकरण ने संगठनात्मक कमजोरी उजागर की. कार्यकताओं में समन्वय की कमी साफ दिखी. चुनाव में एकजुटता की कमी ने टीएमसी को भारी नुकसान पहुंचाया।

4. विजन की कमी बनाम भाजपा का आक्रामक एजेंडाः 15 साल की सत्ता के बाद एंटी-इंकंबेंसी स्वाभाविक थी, लेकिन उससे निपटने के लिए ममता के पास ठोस विजन नहीं था। वहीं भाजपा ने महिला सम्मान, सुरक्षा, घुसपैठ रोकने, डबल इंजन सरकार जैसे मुद्दों को आक्रामक तरीके से उठाया। 5. 3000 रुपए और चुनावी गणितः भाजपा की लोकलुभावन योजनाओं ने गेम बदल दिया। महिलाओं को 3000 प्रतिमाह देने का वादा, वोटर लिस्ट रिवीजन (एसआईआर) में बड़े पैमाने पर नाम कटना. इन दोनों फैक्टर्स ने टीएमसी के पारंपरिक वोट बैंक को कमजोर कर दिया। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में एक समान झुकाव. युवा मतदाताओं का स्पष्ट रुझान. इन सभी ने मिलकर चुनाव को एकतरफा बना दिया। मतलब साफ है भाजपा ने इस चुनाव में बहुस्तरीय रणनीति अपनाई। वेलफेयर स्कीम्स, सांस्कृतिक मुद्दे, सनातन और पहचान. राष्ट्रीय सुरक्षाः घुसपैठ और सीमा सुरक्षा, नेतृत्व का चेहरा मजबूत और निर्णायक. इन सभी का संयोजन एक प्रभावी चुनावी फॉमूर्ला बन गया।

योगी फैक्टरः चुनाव का ह्यगेम चेंजर

इस चुनाव में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रभाव बेहद महत्वपूर्ण रहा। उनकी रैलियों ने चुनावी माहौल को पूरी तरह बदल दिया। 20 से अधिक जनसभाएं. माफिया मुक्त, बुलडोजर और जय श्री राम जैसे नारे, कानून व्यवस्था पर सख्त रुख. योगी का मॉडल अब केवल यूपी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य होता दिख रहा है। बंगाल में उनकी लोकप्रियता ने भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम भूमिका निभाई। यानी बंगाल में योगी का अभियान भाजपा के लिए एनर्जी बूस्टर साबित हुआ।

असमः स्थिरता का संदेश

असम में भाजपा की लगातार तीसरी जीत यह दिखाती है कि विकास और स्थिरता की राजनीति को जनता समर्थन दे रही है। हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में पार्टी ने अपना जनाधार मजबूत किया है।

दक्षिण भारतः नई संभावनाएं

तमिलनाडु और पुडुचेरी के परिणाम संकेत देते हैं कि दक्षिण भारत में भी राजनीतिक बदलाव की शुरूआत हो चुकी है। नई पार्टियों का उभार और पारंपरिक दलों की चुनौती यह दिखाती है कि मतदाता विकल्प तलाश रहा है।

केरलः सत्ता परिवर्तन की आहट

केरल में वामपंथी राजनीति का कमजोर पड़ना और कांग्रेस की बढ़त यह दशार्ती है कि वहां भी बदलाव की इच्छा है।

यूपी 2027ः सबसे बड़ा संकेत

2026 के चुनाव परिणाम का सबसे बड़ा असर उत्तर प्रदेश की राजनीति पर पड़ने वाला है। योगी मॉडल को राष्ट्रीय समर्थन. कानून व्यवस्था और विकास की राजनीति का प्रभाव. पहचान आधारित मुद्दों की स्वीकार्यता. यह सभी संकेत देते हैं कि 2027 में उत्तर प्रदेश का चुनाव केवल राज्य का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति का केंद्र होगा।

नया राजनीतिक विमर्श

यह जनादेश स्पष्ट करता है कि अब राजनीति के मुद्दे बदल चुके हैं, पहचान और सांस्कृतिक अस्मिता. सुरक्षा और कानून व्यवस्था. वेलफेयर योजनाएं. मजबूत नेतृत्व.

बदलता भारत, बदलती राजनीति

2026 के चुनाव परिणाम भारतीय लोकतंत्र की नई दिशा तय करते हैं। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सोच और प्राथमिकताओं का परिवर्तन है। गंगोत्री से गंगासागर तक फैला यह संदेश साफ है, अब राजनीति का केंद्र बदल चुका है, और इसी के साथ देश का भविष्य भी नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। पश्चिम बंगाल का संदेश साफ है अब कोई किला स्थायी नहीं, जनता ही असली शक्ति है। और यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती भी है।

# यूपी में अखिलेश को भी लग सकता है ममता वाला झटका



-अजय कुमार

पश्चिम बंगाल में बीजेपी की शानदार जीत का जो तूफान आया है, उसने पूरे देश को झंझोर के रख दिया है। वहां की जनता, खासकर हिंदू समुदाय ने एकजुट होकर ममता बनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति को करारा जवाब दिया। राज्य में वर्षों से चली आ रही मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के खिलाफ हिंदुओं ने वोट की ताकत से विद्रोह कर दिया। यह कहना गलत नहीं होगा कि जिस तरह से बीजेपी को हराने के लिये मुस्लिम वोटर तुष्टिकरण की सियासत करने वालों के पक्ष में लामबंद होते हैं, उसी तरह से अब हिन्दू वोटर बीजेपी के पक्ष में एकजुट होकर वोटिंग करने लगे हैं। अब सवाल उठ रहा है कि क्या उत्तर प्रदेश में भी यही इतिहास दोहराया जाएगा? यहां समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत को एकजुट हिंदू वोटर रोक देंगे? क्या अब जात-पात के नाम पर हिंदू समाज बंटेगा नहीं? और क्या पश्चिम बंगाल को फतह करने वाले रणनीतिकार सुनील बंसल एक बार फिर उत्तर प्रदेश की चुनावी जंग में कमान संभालकर भाजपा को विजयी बनाएंगे, जैसे उन्होंने 2017 में किया था?

उत्तर प्रदेश की राजनीति हमेशा से ही जटिल रही है। यहां सत्ता का खेल जातिगत समीकरणों पर टिका होता है। समाजवादी पार्टी ने लंबे समय से मुस्लिम वोट बैंक को मजबूत करने पर जोर दिया है। अखिलेश यादव ने अपनी रणनीति में मुस्लिम समुदाय को लुभाने के लिए कई कदम उठाए। पंचायत चुनावों में मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट बांटना, उनके क्षेत्रों में विकास के नाम पर विशेष योजनाएं चलाना और हिंदू त्योहारों पर विवादास्पद बयान देकर तुष्टिकरण का राग अलापना, ये सब उनकी सियासत का हिस्सा बने। लेकिन पश्चिम बंगाल का उदाहरण सबके सामने है। वहां ममता बनर्जी ने भी इसी फॉमूर्ले पर दांव लगाया था। रामनवमी पर जुलूसों पर पाबंदी लगाना, हिंदू मंदिरों के आसपास दुकानों पर कार्रवाई और मुस्लिम समुदाय को वोट के बदले लाभ पहुंचाना, इन सबने हिंदुओं को जगा दिया। नतीजा सबके सामने है। भाजपा ने वहां हिंदू एकता का झंडा बुलंद किया और भारी सफलता हासिल की। पश्चिम बंगाल के नतीजे आने के बाद उत्तर प्रदेश के हिंदू वोटर भी अब यूनाइट होने की बात करने लगे हैं। सोशल मीडिया पर चर्चाएं गर्म हैं, धार्मिक आयोजनों में राजनीतिक संदेश गूंज रहे हैं और जातिगत बंटवारे की पुरानी चाल अब काम नहीं आ रही।

पश्चिम बंगाल की जीत में भाजपा के रणनीतिकार सुनील बंसल की भूमिका अहम रही। उन्होंने हिंदू एकता पर जोर दिया। बंगाल के हर कोने में हिंदू समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए सूक्ष्म रणनीति बनाई। गांव-गांव जाकर कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया, धार्मिक नेताओं से संपर्क साधा और मुस्लिम तुष्टिकरण के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया। 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी सुनील बंसल ने यही जादू दिखाया था। तब भाजपा ने जातिगत समीकरण तोड़े। ब्राह्मण, ठाकुर, दलित, ओबीसी सभी को एक मंच पर लाकर अखिलेश की सपा को पटखनी दी। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हिंदुत्व का मुद्दा उठा और विकास के वादों ने वोटरों को लुभाया। आज फिर वही हालात हैं। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सुनील बंसल की वापसी की चर्चा जोरों पर है। क्या वे एक बार फिर कमान संभालेंगे? उनके पास अनुभव है, नेटवर्क है और हिंदू एकता का मंत्र है। अगर भाजपा उन्हें जिम्मेदारी सौंपती है, तो अखिलेश की राह कठिन हो जाएगी।

दरअसल, उत्तर प्रदेश के चुनावी समीकरण अब बदल चुके हैं। पहले हिंदू वोट जाति के आधार पर बंटते थे। जाटव दलित बसपा की ओर, यादव सपा की तरफ, ब्राह्मण और ठाकुर भाजपा के साथ। लेकिन अब हिंदू एकता का दौर चल पड़ा है। पश्चिम बंगाल की तर्ज पर यहां भी राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और अयोध्या विकास ने हिंदुओं को जोड़ा है। सोशल मीडिया ने जागरूकता फैलाई है। हर छोटे-बड़े हिंदू नेता अब तुष्टिकरण के खिलाफ बोल रहे हैं। अखिलेश की सपा अब सिर्फ मुस्लिम वोट पर निर्भर नहीं रह सकती। उनके पास मुस्लिम तुष्टिकरण के अलावा कुछ अन्य रास्ते खुले हैं। सबसे बड़ा रास्ता है युवाओं को लुभाना। सपा ने पहले भी लैपटॉप वितरण जैसी योजनाओं से युवा वोट हासिल किया था। अब वे बेरोजगारी, किसान कर्जमाफी और ग्रामीण विकास पर जोर दे सकते हैं। दूसरा रास्ता है गठबंधन की राजनीति। बसपा के साथ पुराना गठजोड़ दोहराना या छोटी जातियों को साधना। लेकिन सबसे चुनौतीपूर्ण होगा हिंदू ओबीसी वोट को तोड़ना। कुर्मी, मौर्य, निषाद जैसे समुदायों को सपा ने कभी मजबूत नहीं किया। अगर अखिलेश इनके लिए विशेष आरक्षण या योजनाएं घोषित करें, तो कुछ सफलता मिल सकती है। तीसरा रास्ता है विकास का। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गंगा अभियान और शहरीकरण जैसे मुद्दों पर सपा अगर ठोस वादे करे, तो शहरी हिंदू वोटर आकर्षित हो सकते हैं। लेकिन इन सबके बावजूद मुस्लिम तुष्टिकरण छोड़ना होगा, वरना हिंदू एकता सबको नेस्तनाबूद कर देगी।

इस सबके बीच यह हकीकत है कि उत्तर प्रदेश की सियासत में हवा का रुख बदल रहा है। पश्चिम बंगाल ने साबित कर दिया कि तुष्टिकरण की राजनीति का अंत हो चुका। यहां के हिंदू वोटर अब जाति से ऊपर उठकर सोच रहे हैं। भाजपा के पास योगी आदित्यनाथ जैसा मजबूत नेता है, जो बुलडोजर कार्रवाई से अपराधियों पर शिकंजा कस रहा है। कानून-व्यवस्था सुधरी है, माफिया खत्म हो रहे हैं। ये सब हिंदू समाज को भरोसा दे रहे हैं। सुनील बंसल अगर लौटे, तो उनकी रणनीति फिर कमाल करेगी। वे हर जिले में बूथ स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय करेंगे, हिंदू संगठनों से गठजोड़ बनाएंगे और अखिलेश की कमजोरियों पर प्रहार करेंगे। सपा के पास मुस्लिम तुष्टिकरण के अलावा युवा, किसान और विकास के मुद्दे हैं, लेकिन इनका असर तभी होगा जब वे हिंदू वोट को नजरअंदाज न करें। अखिलेश को समझना होगा कि वोट बैंक की राजनीति अब पुरानी हो चुकी। एकजुट हिंदू वोटर अब किसी की नहीं सुनेंगे। वे सिर्फ अपने हितों की रक्षा करेंगे।

कुल मिलाकर, इस आज की तारीख में यूपी की चुनावी जंग में भाजपा का पलड़ा भारी लग रहा है। पश्चिम बंगाल की जीत ने पूरे देश में संदेश दिया है। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरों तक हिंदू समाज में उत्साह है। धार्मिक उत्सवों में राजनीतिक बहसें हो रही हैं। लोग कह रहे हैं, अब जात-पात नहीं, हिंदू एकता ही जीतेगी। अखिलेश अगर नहीं चेते, तो सपा का सफर मुश्किल होगा। सुनील बंसल की वापसी भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकती है। 2017 की तरह वे फिर इतिहास रच सकते हैं। कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश की राजनीति एक नए मोड़ पर है। तुष्टिकरण की हवा निकल चुकी, अब एकता का दौर शुरू हो गया।

# वैश्विक शक्ति का विकेंद्रीकरण और उभरते नए आयाम

इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में वैश्विक परिदृश्य एक ऐसे परिवर्तनकारी मोड़ पर खड़ा है जहाँ पुरानी व्यवस्थाओं की दीवारें ढह रही हैं और नई शक्तियों का उदय हो रहा है। इतिहास के पन्नों को पलटकर देखें तो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की दुनिया मुख्य रूप से दो ध्रुवों में विभाजित थी जिसमें एक ओर संयुक्त राज्य अमेरिका और दूसरी ओर सोवियत संघ का नेतृत्व था। वर्ष 1991 में सोवियत संघ के विघटन के साथ ही एकध्रुवीय विश्व का युग आरंभ हुआ जिसमें अमेरिका एकमात्र महाशक्ति बनकर उभरा। लेकिन वर्तमान समय में हम देख रहे हैं कि यह स्थिति तेजी से बदल रही है। अब दुनिया किसी एक शक्ति के इशारे पर नहीं चलती बल्कि शक्ति का केंद्र अब बिखर गया है और कई देशों के बीच विभाजित हो गया है। इस बदलाव को अंतरराष्ट्रीय राजनीति के विद्वान बहुध्रुवीय विश्व की संज्ञा देते हैं जहाँ निर्णय लेने की प्रक्रिया में अब वाशिंगटन के साथ-साथ नई दिल्ली, बीजिंग, मॉस्को और ब्रासीलिया जैसे शहरों की गूँज भी सुनाई देती है।

शक्ति के इस स्थानांतरण का सबसे प्रमुख कारण उभरती अर्थव्यवस्थाओं का अभूतपूर्व उदय है। पिछले दो दशकों में वैश्विक आर्थिक मानचित्र पूरी तरह से बदल गया है। चीन की अर्थव्यवस्था वर्ष 1980 के दशक में वैश्विक उत्पादन में मात्र 2 प्रतिशत का योगदान देती थी जो आज बढ़कर लगभग 18 प्रतिशत से अधिक हो गई है। इसी प्रकार भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और आर्थिक विशेषज्ञों का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है बल्कि यह उस क्रय शक्ति और उत्पादन क्षमता का परिचायक है जिसने विकासशील देशों को वैश्विक बाजार के केंद्र में ला खड़ा किया है। अब ये देश केवल विकसित देशों के उत्पादों के उपभोक्ता नहीं हैं बल्कि वे स्वयं नवाचार, विनिर्माण और तकनीक के वैश्विक खिलाड़ी बन चुके हैं।

इस बदलते संतुलन में नए वैश्विक समूहों और संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। जी7 जैसे पुराने समूह जो कभी दुनिया की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करते थे अब अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसके विपरीत ब्रिक्स जैसे संगठन जिनमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं अब वैश्विक विमर्श को नई दिशा दे रहे हैं। वर्ष 2024 में ब्रिक्स



- महेन्द्र तिवारी

के विस्तार के बाद अब इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी शामिल हो गए हैं। यह विस्तारित समूह अब दुनिया की लगभग 45 प्रतिशत जनसंख्या और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 28 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। जी20 जैसे मंच अब अंतरराष्ट्रीय नीति निर्माण में अधिक समावेशी हो गए हैं जहाँ अफ्रीकी संघ को स्थाई सदस्यता मिलना इस बात का प्रमाण है कि अब दुनिया के फैसले केवल कुछ पश्चिमी देशों के कमरों में बंद होकर नहीं लिए जा सकते।

तकनीक और डिजिटल शक्ति ने भी वैश्विक शक्ति के मानकों को पूरी तरह से बदल दिया है। किसी समय में शक्ति का पैमाना केवल परमाणु हथियारों की संख्या या विशाल सेना हुआ करती थी परंतु आज के दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और डेटा भंडार नई सैन्य और राजनीतिक ताकतें बन चुके हैं। जो देश इन तकनीकों में अग्रणी हैं वे ही भविष्य की राजनीति का निर्धारण करेंगे। वर्तमान में वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार का लगभग 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा कुछ गिने-चुने देशों के नियंत्रण में है जिससे पूरी दुनिया की डिजिटल सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होती है। डेटा को अब नया तेल कहा जा रहा है और जिस देश के पास अपने नागरिकों के डेटा पर संप्रभुता है वह वैश्विक मंच पर अधिक मोलभाव करने की स्थिति में है। अंतरिक्ष अन्वेषण में भी अब निजी कंपनियों और नए देशों के प्रवेश ने महाशक्तियों के पुराने एकाधिकार को चुनौती दी है।

वैश्विक संघर्ष और अस्थिरता ने भी शक्ति संतुलन को बदलने में उत्प्रेरक का कार्य किया है। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध ने न केवल यूरोप की सुरक्षा संरचना को हिला दिया है बल्कि इसने ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के नए संकट पैदा कर दिए हैं। इस संघर्ष ने दुनिया को यह अहसास कराया है कि किसी एक देश या क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कितनी घातक हो सकती है। इसी प्रकार पश्चिम एशिया की अस्थिरता और व्यापारिक मार्गों पर बढ़ते खतरों ने देशों को मजबूर किया है कि वे अपने रणनीतिक विकल्पों का विस्तार करें। इन परिस्थितियों में छोटे और मध्यम आकार के देशों की अहमियत भी बढ़ गई है क्योंकि उनकी भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक संसाधन उन्हें बड़े देशों की प्रतिस्पर्धा में महत्वपूर्ण मोहरा बना देते हैं।

इस पूरी प्रक्रिया में संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रभाव कम होता दिख रहा है यद्यपि वह अभी भी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति है। अमेरिकी डॉलर की वैश्विक स्वीकार्यता अब धीरे-धीरे कम हो रही है क्योंकि कई देश अपनी स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। इसे डी-डॉलराइजेशन की प्रक्रिया कहा जा रहा है। दुनिया अब एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुकी है जहाँ कोई भी एक देश वैश्विक नियमों को अकेले थोप नहीं सकता। पश्चिमी देशों के मानवीय मूल्यों और मानवाधिकारों के दोहरे मानकों पर भी अब वैश्विक दक्षिण के देशों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। यह एक सांस्कृतिक और वैचारिक स्वतंत्रता का दौर भी है जहाँ देश अपनी सभ्यतागत पहचान को वैश्विक मंच पर गौरव के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं।

भारत की भूमिका इस बदलते परिवेश में सबसे विशिष्ट और संतुलनकारी है। भारत ने किसी भी एक गुट में शामिल होने के बजाय अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को प्राथमिकता दी है। भारत की विदेश नीति अब केवल आदर्शवाद पर नहीं बल्कि यथार्थवाद और राष्ट्रीय हितों पर आधारित है। भारत जहाँ एक ओर क्वॉड जैसे समूहों के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में सहयोग कर रहा है वहीं दूसरी ओर शंघाई सहयोग संगठन और ब्रिक्स के माध्यम से गैर-पश्चिमी शक्तियों के साथ भी अपने संबंधों को प्रगाढ़ बना रहा है। वैश्विक दक्षिण की आवाज बनकर भारत ने जलवायु परिवर्तन, डिजिटल बुनियादी ढांचे और विकासशील देशों के ऋण संकट जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। भारत का मिशन अब केवल वैश्विक व्यवस्था का पालन करना नहीं बल्कि उसका निर्माण करना है।

अंततः यह स्पष्ट है कि हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं जहाँ शक्ति का कोई एक केंद्र नहीं होगा। यह बहुध्रुवीय विश्व अधिक जटिल और प्रतिस्पर्धी होगा लेकिन साथ ही इसमें अधिक देशों की भागीदारी की संभावना भी होगी। आने वाले समय में शांति और समृद्धि इस बात पर निर्भर करेगी कि ये विभिन्न ध्रुव आपस में कितना सहयोग करते हैं और मतभेदों को सुलझाने के लिए किन अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हैं। शक्ति का यह नया संतुलन केवल सरकारों के बीच का बदलाव नहीं है बल्कि यह मानवता के साझा भविष्य को अधिक न्यायसंगत और संतुलित बनाने का एक अवसर भी है। विश्व अब एक विशाल परिवार की तरह है जहाँ प्रत्येक सदस्य की आवाज का महत्व है और जहाँ भविष्य का निर्माण प्रतिस्पर्धा के बजाय सामूहिक सहयोग के आधार पर किया जाना चाहिए। शक्ति का विकेंद्रीकरण अपरिहार्य है और इसके साथ तालमेल बिठाना ही इक्कीसवीं सदी की सबसे बड़ी कूटनीतिक सफलता होगी।

## भिवंडी निवासी भगवान पाटिल को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने दी प्रदेश संगठन सचिव पद की जिम्मेदारी



राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार गुट) द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से भिवंडी के खांडपे निवासी भगवान पाटिल को महाराष्ट्र प्रदेश संगठन सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। बतादें कि उनकी अब तक की पार्टी के प्रति निष्ठा और योगदान को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुंबई स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने जितेंद्र आव्हाड व भिवंडी लोकसभा सांसद सुरेश म्हात्रे की उपस्थिति में भगवान पाटिल को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर पार्टी नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया कि पाटिल संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करते हुए पार्टी को और मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। पार्टी ने उनसे अपेक्षा जताई है कि वे समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मविभूषण शरदचंद्र पवार के विचारों का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। भगवान पाटिल की इस नियुक्ति पर उनके समर्थकों और शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## नालासोपारा पूर्व में मेफेड्रोन ड्रग्स बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार एंटी-नारकोटिक्स सेल-2 की बड़ी कार्रवाई

**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत एंटी-नारकोटिक्स सेल-2 की टीम ने नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दिनांक 01 मई 2026 को गश्त के दौरान, तुलिंज पुलिस स्टेशन की सीमा में स्थित प्रगति नगर, नालासोपारा पूर्व में गजानंद स्कूल के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। आरोपी की पहचान इफुनानन्या जिनिके मीका (उम्र 36 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से नतेजे गांव, अनाम्ब्रा राज्य, नाइजीरिया का निवासी है। पुलिस को देखकर आरोपी भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन एंटी-नारकोटिक्स सेल-2 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से लगभग 18 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 54,000 आंकी गई है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ तुलिंज पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे, पुलिस उपायुक्त (अपराध) संदीप डोइफोडे तथा सहायक पुलिस आयुक्त मदन बल्लाल के मार्गदर्शन में की गई। इस ऑपरेशन को एंटी-नारकोटिक्स सेल-2 के प्रभारी पुलिस निरीक्षक ऋषिकेश पावल एवं उनकी टीम—सहायक पुलिस निरीक्षक सागर शिंदे, कर्मचारी राजू भोइर, उमेश गवई, आसिफ मुल्ला, अमित चव्हाण, सुनील पागी, सुप्रिया तिवाले, सुधीर नारले, राजकुमार गायकवाड़, अंगद मुले, अजीत मेड, किरण रसाल और प्रितेश खैरनार—ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

## गर्मी में बालों को ताजा और स्वस्थ बनाए रखने के लिए एक्सपर्ट टिप्स

**मुंबई।** भारत की गर्मी किसी परीक्षा से कम नहीं होती। तेज धूप, बढ़ता तापमान, उमस, पसीना और प्रदूषण—इन सबका असर सिर्फ त्वचा पर ही नहीं, बालों पर भी गहराई से पड़ता है। अक्सर लोग जिसे सिर्फ फ्रिज या चिपचिपापन समझते हैं, दरअसल वह बालों का पर्यावरणीय असंतुलन पर प्रतिक्रिया देना होता है—एक तरफ नमी की कमी और दूसरी तरफ अतिरिक्त तेल। गोदरेज प्रोफेशनल के नेशनल टेक्निकल हेड शैलेश मूल्या बताते हैं कि गर्मियों में बालों को ताजा बनाए रखने का असली राज संतुलन समझने में है। आइए जानते हैं उनके खास सुझाव—गर्मियों में स्कैल्प पर पसीना और तेल अधिक बनता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि रोज शैंपू किया जाए। बार-बार बाल धोने से प्राकृतिक तेल खत्म हो जाते हैं, जिससे स्कैल्प इसकी भरपाई के लिए और अधिक तेल बनाने लगता है। बेहतर होगा कि सप्ताह में 2-3 बार हल्के (माइल्ड) शैंपू से बाल धोएँ और ध्यान खासतौर पर स्कैल्प की सफाई पर दें, बालों की लंबाई पर नहीं। तेज गर्मी और यूवी किरणें बालों की नमी छीन लेती हैं, जिससे वे रूखे, बेजान और खुरदरे दिखने लगते हैं। ऐसे में हल्के लेकिन हाइड्रेटिंग कंडीशनर का इस्तेमाल करें और हफ्ते में एक बार डीप-कंडीशनिंग मास्क जरूर लगाएं। लीव-इन कंडीशनर भी बालों को बिना भारी बनाए मुलायम बनाए रखने में बेहद असरदार होते हैं। जब बाल पहले से ही बाहरी गर्मी झेल रहे हों, तब हीट स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल उन्हें और अधिक ड्राई और कमजोर बना सकता है। कोशिश करें कि बालों की प्राकृतिक बनावट को अपनाएँ, उन्हें हवा में सूखने दें और आसान, कम मेहनत वाले हेयरस्टाइल चुनें। इससे बाल स्वस्थ भी रहेंगे और समर लुक भी सहज लगेगा। नमी भरा मौसम बालों की बाहरी परत (क्यूटिकल) को फुला देता है, जिससे फ्रिज बढ़ता है और बालों की शेप बिगड़ जाती है। गीले बालों पर एंटी-फ्रिज सीरम या हल्का हेयर ऑयल लगाएँ। यह एक सुरक्षा परत बनाता है, जो अंदर की नमी को बनाए रखता है और बाहर की उमस को भीतर आने से रोकता है।

## रियल फ्रूट बेवरेजेस के साथ अब बच्चे भी खुश और माता-पिता भी निश्चिंत

**मुंबई/पटना।** भारत का नंबर 1 जूस और नेक्टर ब्रांड, 'रियल', अपने 'रियल नेक्टर्स' रेंज के माध्यम से बच्चों के लिए फलों का पोषण सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है। बिना नो एडेड प्रिजर्वेटिव्स और बेमिसाल स्वाद के साथ, यह रेंज माता-पिता को बच्चों की खान-पान संबंधी आदतों को बेहतर बनाने में मदद करती है। रियल फ्रूट बेवरेजेस बच्चों के लिए ब्रेकफास्ट, टिफिन या खेल-कूद जैसे कई मौकों पर एक बेहतरीन साथी साबित हो रहे हैं। यह बच्चों को फलों पर आधारित आवश्यक पोषण प्रदान करने का एक सुविधाजनक तरीका है, जो उन्हें दिन भर ऊजार्वान बनाए रखने में मदद करता है। इतना ही नहीं, 'रियल' बच्चों के लिए कई विकल्प देता है—जैसे 9 फलों की शक्ति वाला रियल मिक्स फ्रूट, और अनार व ऑरेंज जिसमें 6 अनार और 6 संतरों की खूबियां हैं। क्वालिटी का यह भरोसा सुनिश्चित करता है कि नखरे करने वाले बच्चों को (नो एडेड प्रिजर्वेटिव्स) के फलों का लाजवाब स्वाद और पोषण मिले। डाबर इंडिया लिमिटेड की जी.एम. मार्केटिंग (फूड्स एंड बेवरेजेज), सुश्री मोनीषा पराशर ने कहा, रियल नेक्टर्स का यह लाजवाब स्वाद दुनिया भर के बेहतरीन बगीचों से चुने गए उच्च गुणवत्ता वाले फलों का परिणाम है।

# एल.पी.जी. डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन महाराष्ट्र द्वारा राज्य में गैस डिस्ट्रीब्यूशन की समस्याओं को लेकर तीनों बड़ी कंपनियों से कि मांग

**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** इराक और अमेरिका-इजरायल में चल रहे युद्ध ने राज्य और देश में घरेलू गैस और कमर्शियल गैस के डिस्ट्रीब्यूशन पर असर डाला है। राज्य में एलपीजी गैस की कमी और अलग-अलग समस्याओं को लेकर LPG डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (इंडिया) महाराष्ट्र यूनिट के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने मुंबई में हेड ऑफिस में H.P.C.L. (Hpcl), B.P.C .L. (Bpcl) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों से मुलाकात की और अपने डिस्ट्रीब्यूटर्स की समस्याओं और मांगों का एक स्टेटमेंट दिया। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. एस. शर्मा, महाराष्ट्र के अध्यक्ष जे. पी. तिवारी, महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष संजय फसाटे, महाराष्ट्र के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज सोनवणे आदि अन्य पदाधिकारियों के साथ देश की तीन महत्वपूर्ण एलपीजी गैस कंपनियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के शहरी और ग्रामीण इलाकों में घरेलू गैस और घरेलू गैस वितरित करने में वितरकों को आ रही समस्याओं के संबंध में एक विस्तृत बयान सौंपा और उनसे राज्य में वितरकों के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं को हल करने की मांग की। इस अवसरपर राज्य के अलग अलग जिल्हो से 1500 वितरक अपनी मांग लेके मुंबई मे आये थे.एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन

### राज्य में गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स की समस्याएं और मांगें: पूरी नहीं होने पर आंदोलन की भूमिका




इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. एस. शर्मा ने मुंबई मराठी पत्रकार संघ में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि जब से इराक और अमेरिका और इजरायल के बीच युद्ध चल रहा है, तब से इसका असर राज्य में घरेलू गैस और कमर्शियल गैस के वितरण पर पड़ा है और इसका सीधा असर हम वितरकों पर पड़ रहा है। हमारी विभिन्न मांगों के संबंध में आज मुंबई में भारत सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) के निदेशक (मार्केटिंग) और कार्यकारी निदेशक (LPG) को एक बयान सौंपा गया और हमारी विभिन्न मांगें पेश की गई हैं। इस समय एसोसिएशन के महाराष्ट्र प्रेसिडेंट जे. पी. तिवारी ने कहा कि गैस डिस्ट्रीब्यूशन की प्रॉब्लम सबसे ज्यादा ग्रामीण इलाकों में है और डिस्ट्रीब्यूटर इसका सामना कर रहे हैं। सरकार कितना भी कहे कि गैस की कोई कमी नहीं है, सब ठीक चल रहा है, लेकिन हालात इसके उलट हैं, गैस की डिमांड पूरी नहीं हो पा रही है। इसलिए हमें तीनों ऑफिस में बयान देना पड़ा है। महाराष्ट्र एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट मनोज सोनवणे ने कहा कि कंपनियां हमारी प्रॉब्लम पर ध्यान नहीं दे रही हैं, हमें लोगों का गुस्सा झेलना पड़ रहा है, हम उनका गुस्सा झेल रहे हैं, कंपनियां यह नहीं समझ रही हैं। आखिर में शर्मा ने कहा कि राज्य में गैस डिस्ट्रीब्यूटर की प्रॉब्लम और डिमांड पूरी नहीं की गईं तो हमें बिना किसी उपाय के आंदोलन का रुख अपनाना पड़ेगा।

## बंगाल की जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित के लिए दबाई बटन : कृपाशंकर सिंह

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** पश्चिम बंगाल में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत ने जहां भाजपाइयों को जोश और उत्साह में भर दिया है, वहीं विपक्षी खेमे में निराशा साफ तौर पर दिखाई दे रही है। महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री तथा जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने कहा कि बंगाल की जनता ने विकास ,सुशासन और राष्ट्रहित के लिए बटन दबाया।



यह प्रधानमंत्री के प्रति जनता के विश्वास की विजय है। उन्होंने कहा कि हिंदू विरोधी सरकार को जनता ने बंगाल की खाड़ी में डुबो दिया। अब पश्चिम बंगाल में विकास का नया दौर शुरू होगा।

उन्होंने कहा कि इस बार टीएमसी के गुंडो की नहीं चली। भाजपा की शानदार जीत ने उनके अत्याचार पर बुलडोजर चला दिया है। पश्चिम बंगाल चुनाव में पूरे समय तक चुनाव प्रचार करने वाले कृपाशंकर सिंह ने कहा कि बंगाल की जनता जग चुकी है। उद्योग धंधे और विकास की योजनाओं को विनाश करने वाले एक निरंकुश शासन का अंत हो गया। उन्होंने कहा कि अब लेफ्ट पार्टी की तरह टीएमसी का भी सदा के लिए अंत हो गया। चुनाव प्रचार के दौरान कृपाशंकर का एक नारा झ चार मई, दीदी गई, लोगों के बीच खास लोकप्रिय रहा।

# सिद्धिविनायक के दर पर मिस यूनिवर्स इंडिया टीम, बड़े आयोजनों से पहले लिया आशीर्वाद

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** आगामी सौंदर्य प्रतियोगिताओं से पहले मिस यूनिवर्स इंडीया मनिका विश्वकर्मा और निखिल आनंद (नेशनल डायरेक्टर, मिस यूनिवर्स इंडिया) ने मुंबई के प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन कर भगवान गणपति का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके साथ मिस यूनिवर्स महाराष्ट्र के डायरेक्टर्स अरविंद शुक्ला और अभिषेक शुक्ला भी मौजूद थे। भारतीय परंपरा के अनुसार किसी भी बड़े आयोजन से पहले भगवान का आशीर्वाद लेना शुभ माना जाता है। मिस यूनिवर्स इंडिया मानिका विश्वकर्मा सहित मिस यूनिवर्स टीम का मंदिर दौरा आगामी आयोजनों की सफलता के लिए एक शुभ शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में यह पहल न केवल आध्यात्मिक आस्था को दशार्ती है, बल्कि आगामी कार्यक्रमों को लेकर सकारात्मक संदेश भी देती है। मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान टीम ने देश और राज्य के प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी, भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा मुंबई के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा के अलावा रमेश शुक्ला और मनोज सिंह भी उपस्थित थे। आयोजकों का मानना है कि आने वाले इवेंट्स के जरिए राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच मिलेगा, जिससे फैशन और ग्लैमर जगत में नए चेहरों को पहचान बनाने का अवसर मिलेगा।



## एड .राजकुमार मिश्रा ने बढ़ाया उत्तर भारतीय समाज का गौरव : लल्लन तिवारी

**भायंदर (उत्तरशक्ति)।** उत्तर भारतीय समाज का युवा और बौद्धिक चेहरा कहे जाने वाले एडवोकेट राजकुमार मिश्रा को मीरा भायंदर महानगरपालिका परिवहन समिति का निर्विरोध सभापति बनाए जाने के बाद, देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राहुल एजुकेशन के चेयरमैन लल्लन तिवारी द्वारा नवघर रोड स्थित मुख्य कार्यालय पर उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। श्री तिवारी ने कहा कि राजकुमार मिश्रा मेहनती, ईमानदार और समाज के लिए हमेशा खड़े रहने वाले व्यक्ति हैं। ऐसे व्यक्ति को परिवहन समिति का सभापति बनाए जाने पर मीरा भायंदर का उत्तर भारतीय समाज भी गौरव की अनुभूति कर रहा है। उन्होंने कहा कि राजकुमार मिश्रा दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरे मनोयोग और कर्तव्य भावना के साथ करेंगे। उन्होंने विधायक नरेंद्र मेहता के प्रति भी विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने एक सही व्यक्ति को सही स्थान तक पहुंचाने का काम किया है। इस अवसर पर राहुल एजुकेशन के सचिव राहुल तिवारी, जिला महामंत्री बृजेश तिवारी तथा वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे भी उपस्थित रहे। ज्ञातव्य हो कि मीरा भायंदर महानगरपालिका के गठन के बाद एडवोकेट राजकुमार मिश्रा पहले वह उत्तर भारतीय हैं, जिन्हें इतना बड़ा पद और सम्मान प्राप्त हुआ है।




## बंगाल समेत तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर भिवंडी में भाजपा कार्यकताओं ने पटाखे फोडकर मनाया जश्न



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी को मिली बड़ी सफलता के बाद देशभर में जश्न का माहौल है। पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी में भाजपा की जीत से उत्साहित कार्यकताओं ने जगह-जगह खुशी मनाई। इसी क्रम में भिवंडी शहर में भी भाजपा पदाधिकारियों और समर्थकों ने जोरदार उत्सव मनाया। बतादें कि अंजूरफाटा स्थित महावीर चौक पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नगरसेवक निलेश चौधरी के मार्गदर्शन में कार्यकताओं ने पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। इस दौरान भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम में कार्यकताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी और पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उपस्थित कार्यकताओं ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों पर जनता के विश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर निरंजन हेगड़े, राजेश परिहार, सुरेंद्र शर्मा, निलेश नंदू, मनोज चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर पार्टी की जीत का जश्न मनाया और आने वाले चुनावों में भी इसी तरह की सफलता का विश्वास जताया।

## सुनेत्रा पवार ने बारामती उपचुनाव में जीत का बनाया रिकॉर्ड, पीएम मोदी ने दी बधाई

**पुणे।** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष सुनेत्रा पवार ने बारामती विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में इतिहास रच दिया है। सुनेत्रा पवार ने सोमवार को 2,18,034 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। चुनाव आयोग के अनुसार उन्होंने कुल 2,18,969 वोट हासिल किए। सुनेत्रा के पति और तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के कारण यह उपचुनाव कराने की जरूरत पड़ी थी। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनेत्रा पवार की रिकॉर्ड जीत पर उन्हें बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सुनेत्रा पवार की ऐतिहासिक जीत का जिक्र किया।एनसीपी ने दावा किया कि सुनेत्रा पवार ने विधानसभा चुनावों में जीत के सबसे बड़े अंतर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है और उन्होंने बीजेपी के सुनील कुमार शर्मा के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। शर्मा ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में साहिबाबाद सीट पर 2.14 लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। बारामती में अन्य 22 उम्मीदवारों को कुल 4,837 वोट प्राप्त हुए। बारामती से विधायक अजित पवार की 28 जनवरी को एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के बाद 23 अप्रैल को यह उपचुनाव कराया गया था। सुनेत्रा पवार की जीत का अंतर उनके दिवंगत पति की जीत के अंतर से भी अधिक है, जिन्होंने 2019 में बीजेपी के गोपीचंद पाडलकर को 1,65,265 वोटों से हराया था। 2024 के चुनावों में अजित पवार की जीत का अंतर घटकर करीब 1 लाख वोट रह गया था। सुनेत्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में, शानदार जनादेश के लिए बारामती की जनता को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बारामती विधानसभा उपचुनाव में मुझे शानदार जनादेश देने के लिए मैं बारामती की जनता को तहे दिल से धन्यवाद देती हूं। आपने जो विश्वास, प्रेम और समर्थन दिखाया है, वह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।



## मुंबई में 30 घंटे पानी की सप्लाई बंद, 5 से 6 मई तक 6 वार्ड होंगे प्रभावित

**मुंबई।** मुंबईकरों को गर्मी के मौसम के ठीक बीच में पानी के संकट का सामना कर रहा है। क्योंकि कई इलाकों में पानी की सप्लाई पूरे 30 घंटों के लिए बंद रहेगी। नगर निगम ने वडाला के अमर महल से लेकर प्रतीक्षा नगर तक एक नई पानी की पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया है। इसके चलते 5 और 6 मई को खास तौर पर अगले मंगलवार और बुधवार को कुछ वार्डों में 30 घंटे की पानी की कटौती लागू की जाएगी।

उत्तरी मुंबई में माटुंगा, सायन और वडाला, दक्षिण में परेल और सेवरी, 'छ' वार्ड में कुर्ला और साकी नाका, पूर्व में गोवंडी और मानखुर्द, पश्चिम में चेंबूर और 'ठ' वार्ड में घाटकोपर, विक्रोली और विद्याविहार। पानी की सप्लाई में यह पूरी तरह से रुकावट मंगलवार 5 मई को सुबह 10:00 बजे से लेकर बुधवार 6 मई को शाम 4:00 बजे तक रहेगी।

मुंबई नगर निगम ने वडाला के अमर महल से लेकर प्रतीक्षा नगर तक एक नई टनल बनाने का काम शुरू किया है। यह नई टनल परेल-ट्रॉम्बे जलाशय से जुड़ेगी। इसके अलावा इस टनल का विस्तार टर्भे में स्थित हाई-लेवल जलाशय तक किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में 1,800 मिमी व्यास वाली एक टनल के निर्माण के साथ-साथ अन्य संबंधित कार्य भी शामिल हैं।

इस टनल के निर्माण को आसान बनाने के लिए टर्भे में स्थित हाई-लेवल और लो-लेवल जलाशयों से होने वाली पानी की सप्लाई को कुछ समय के लिए बंद कर दिया जाएगा। यह काम इन 30 घंटों के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। इसके बाद पानी की सप्लाई फिर से शुरू कर दी जाएगी। इसलिए नगर निगम ने लोगों को सलाह दी है कि वे पहले से ही पर्याप्त मात्रा में पानी जमा करके रख लें और इस दौरान पानी का बहुत ही सावधानी से इस्तेमाल करें।डॉ बाबासाहेब अंबेडकर मार्ग, दिनशॉ पेटिट मार्ग, परमार गुरुजी मार्ग, गोखले मार्ग, दादासाहेब फाल्के मार्ग, गोविंदजी केनी मार्ग, जेरबाई वाडिया मार्ग, बीजे देओरुखकर मार्ग, सेंट पॉल मार्ग, सेंट जेवियर मार्ग, खाशाबा मार्ग, महादेव पालव मार्ग, जिजीभोय लेन, आचार्य डोंडे मार्ग, विट्ठल चव्हाण मार्ग, जगन्नाथ भटनकर मार्ग, बटलीवाला गली, शिरोडकर मार्ग, चिवड़ा गली, साने गुरुजी मार्ग, आनंद मालवंकर मार्ग, गैस कंपनी गली। सेबल नगर, संतोषी माता नगर, क्रांतिनगर, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, न्यू तिलक नगर, कुरेशी नगर, हिल मार्ग, ताड़ी पेठ, मुक्तादेवी मार्ग, गावदेवी मंडल, पंचशील नगर, नेहरू नगर, शिव सृष्टि मार्ग, नाइक नगर, मदर डेयरी मार्ग, एस.जी. बर्वे मार्ग, कुर्ला पूर्व केदारनाथ मंदिर रोड, नवारे बाग, कामगार नगर, हनुमान नगर, पुलिस कॉलोनी, कुर्ला कार शेड, रेलवे कॉलोनी, तक्षशिला नगर, चाफे गली, राहुल नगर, एवरर्ड नगर, पान बाजार, त्रिमूर्ति मार्ग, वी.एन. पूरव मार्ग, उमरवाड़ी मार्ग, अली दादा स्ट्रीट, स्वदेशी मिल चॉल, चूनाभट्टी फाटक, म्हाडा कॉलोनी, समर्थ नगर।



नीम करौली बाबा

उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाप हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com



प्रजापति फॅब्रीकेशन ॲण्ड ग्रिल वर्क्स
93245 26742
98200 55193
93227 55403
PRAJAPATI
FABRICATION & GRILL WORKS
MANUFACTURERS OF
COMPOUND GATES, MS GRILLS, WATER TANKS, ROLL SHUTTER, COLLAPSIBLE DOOR & ALLUMINIUM SLIDING WINDOW
SHOP NO. 101, SAVERA CHS., LAST BUS STOP, VEERA DESAI ROAD, ANDHERI (W), MUMBAI-400053. GST No. : 27ANKPP6297R1ZP

स्वामी: शरद फागुराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजुरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालय: मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाप हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# माटीकला को मिलेगा रफ्तार का पहिया: वाराणसी में कारीगरों को मिलेंगे निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक चाक

## तुनवाल ई-मोटर्स ने बिग बॉस मराठी सीजन-6 के साथ जुड़कर अपनी ब्रांड विजिबिलिटी को बढ़ाया




मुंबई। तुनवाल ई-मोटर्स को बिग बॉस मराठी सीजन-6 के साथ अपने सफल जुड़ाव की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है. 1.75 करोड़ रुपए के निवेश के साथ यह ब्रांड की मार्केटिंग यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. यह सीजन जियोस्टार और कलर्स मराठी पर प्रसारित हुआ, जिससे महाराष्ट्र और उससे बाहर के क्षेत्रों में व्यापक पहुंच और लगातार दर्शकों का जुड़ाव सुनिश्चित हुआ है. इस रणनीतिक सहयोग के तहत तुनवाल ई-मोटर्स ने अपने इलेक्ट्रिक वाहन को बिग बॉस हाउस में एकीकृत किया, जहां यह लगभग 100 दिनों तक एक प्रमुख आकर्षण बना रहा, जिससे पूरे सीजन में ब्रांड की मजबूत और लगातार विजिबिलिटी सुनिश्चित हुई. शो में राकेश बापट, राखी सावंत और तन्वी कोल्टे सहित कई जाने-माने सेलिब्रिटी प्रतियोगी शामिल थे, जिससे विभिन्न दर्शक वर्गों के बीच ब्रांड की पहुंच और भी बढ़ गई. इस साझेदारी को एक यादगार पल देते हुए टुनवाल ई-मोटर्स के संस्थापक झुमरमल टुनवाल ने ग्रैंड फिनाले के दौरान विजेता तन्वी कोल्टे को कंपनी का लोकप्रिय मॉडल - लिथिनो प्रो - उपहार में भेंट किया, जिससे नवाचार, पहचान और टिकाऊ गतिशीलता के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई. इस सहयोग पर बोलते हुए टुनवाल ई-मोटर्स के संस्थापक झुमरमल टुनवाल ने कहा कि बिग बॉस मराठी सीजन-6 के साथ हमारा जुड़ाव दर्शकों से एक अनूठे और आकर्षक तरीके से जुड़ने का अविश्वसनीय अवसर रहा है. इस मंच ने हमारी ब्रांड वैल्यू को काफी मजबूत किया है और हमें अपने उत्पादों को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित करने की अनुमति दी है. टुनवाल ई-मोटर्स पूरे भारत में इलेक्ट्रिक गतिशीलता को सुलभ, स्टाइलिश और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के अपने मिशन को आगे बढ़ा रहा है.

### प्लास्टिक पर रोक के बीच सरकार की पहल– 50 कुम्हारों को मिलेगा आधुनिक उपकरण, 30 मई तक आवेदन

-सुरेश गांधी

वाराणसी. पर्यावरण संरक्षण और पारंपरिक माटीकला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने वाराणसी के कुम्हारों और शिल्पकारों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत 50 निःशुल्क विद्युत चालित चाक (इलेक्ट्रॉनिक चाक) वितरित किए जाएंगे। इससे न सिर्फ प्लास्टिक के विकल्प के रूप में मिट्टी के उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि कारीगरों की आय और कार्यक्षमता में भी सुधार होगा।

जिला ग्रामोद्योग विभाग के अनुसार, इस योजना का मुख्य उद्देश्य माटीकला से जुड़े कारीगरों



को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उनके व्यवसाय को सशक्त बनाना है। इलेक्ट्रॉनिक चाक के माध्यम से कम समय में अधिक और बेहतर गुणवत्ता के उत्पाद तैयार किए जा सकेंगे, जिससे बाजार में उनकी प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी।

योजना के तहत 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग के कुम्हार/शिल्पकार आवेदन कर सकते हैं। हालांकि एक परिवार से केवल एक ही व्यक्ति को इसका लाभ मिलेगा और जिन लाभार्थियों को पहले इस तरह की सहायता मिल चुकी है, उन्हें पात्र नहीं माना जाएगा। इच्छुक आवेदक 30 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद आवश्यक दस्तावेजों के साथ हार्ड कॉपी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, टकटकपुर में जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, निवास व जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, फोटो और ग्राम प्रधान द्वारा प्रमाणित सिफारिश पत्र शामिल हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि यह योजना कुम्हार समुदाय के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे पारंपरिक कला को नई पहचान मिलेगी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों का इस्तेमाल भी बढ़ेगा। 50 कारीगरों को मिलेगा निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक चाक. 30 मई 2026 तक आवेदन की अंतिम तिथि. एक परिवार से एक ही आवेदक पात्र. टकटकपुर स्थित कार्यालय में जमा होगी हार्ड कॉपी. सरकार की यह पहल न सिर्फ कारीगरों के जीवन में आर्थिक मजबूती लाने का माध्यम बनेगी, बल्कि मिट्टी से जुड़ी विरासत को आधुनिक दौर में नई उड़ान भी देगी।

### किआ इंडिया ने लॉन्च किया डिजिटल पासपोर्ट

मुंबई। देश की अग्रणी मास-प्रीमियम कार निमार्ताओं में से एक, किआ इंडिया ने अपने ग्राहकों के लिए डिजिटल पासपोर्ट नामक एक नई डिजिटल सुविधा लॉन्च की है। इसका उद्देश्य वाहन स्वामित्व के अनुभव को आसान बनाना और पारदर्शिता बढ़ाना है। किआ कनेक्ट ऐप के न्यू सर्विसेज सेक्शन में उपलब्ध यह डिजिटल पासपोर्ट ग्राहकों को एक सुरक्षित और डेटा-आधारित वाहन हेल्थ रिपोर्ट देता है, जिससे उन्हें अपनी गाड़ी के पूरे जीवनचक्र की पूरी और भरोसेमंद जानकारी मिलती है।

## मुंबई में 'मास्टरी' फिल्म फेस्टिवल के अनुभव का अवसर: 'स्टोन-एक्स ग्लोबल' का अनोखा आयोजन

मुंबई। 'स्टोन-एक्स ग्लोबल' ने मुंबई में अपनी बहुत चर्चित फिल्म सीरीज 'मास्टरी' का एक विशेष प्रीव्यू प्रस्तुत करने की तैयारी की है. 9 मई, 2026 को बैलार्ड एस्टेट के 'आइस फैक्ट्री' में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक एक बड़ा फिल्म फेस्टिवल आयोजित किया गया है. 'मास्टरी' फिल्म फेस्टिवल सभी के लिए खुला है। एंट्री फ्री है। सीरीज के अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ऑफिशियली रिलीज होने से पहले, मुंबईकर इस विशेष प्रदर्शन के जरिए कलाकृति का अनुभव कर सकेंगे. महोत्सव के दूसरे सीजन में कई जाने-माने कलाकार शामिल होंगे. साथ ही इसमें ग्रैमी-विनिंग परकशनिस्ट वी. सेल्वगणेश, जिन्होंने कर्नाटक म्यूज़िक को ग्लोबल पहचान दिलाई, के साथ-साथ मशहूर डायरेक्टर रीमा दास, जो अपनी सिंपल और सेंसिटिव फिल्मों के लिए जानी जाती हैं और अनीता रत्नम, जो भरतनाट्यम और कंटेम्परारी डांस में एक जाना-माना नाम हैं, शामिल होंगी. फेस्टिवल में न सिर्फ फिल्म स्क्रीनिंग होगी, बल्कि अलग-अलग तरह की आर्काइवल इमेजरी, मल्टी-स्क्रीन फिल्म एनवायरनमेंट और स्पेशल स्टोरीटेलिंग के जरिए दर्शकों को एक अनोखा ऑडियो-विजुअल एक्सपीरियंस भी मिलेगा. 'मास्टरी' एक ओरिजिनल कल्चरल फिल्म सीरीज है जो उन मशहूर हस्तियों के सफर को दिखाती है जिनकी ज़िंदगी दशकों की डिसिप्लिन्ड प्रैक्टिस और आर्ट से बेहतर हुई है. सिर्फ कामयाबी ही नहीं, बल्कि कला का सफर और उसके पीछे का प्रोसेस भी डायरेक्टर मृदु खोसला ने दिखाया है. इस सीजन में रस्किन बॉन्ड, उषा उत्थुप, शुभा मुद्गल और कृष्ण खन्ना जैसे महान कलाकारों की ज़िंदगी भी दिखाई जाएगी. स्टोन-एक्स ग्लोबल के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर सुशांत पाठक ने कहा कि सच्ची महारत डिसिप्लिन और सब्र से आती है और यह इनिशिएटिव दुनिया को ऐसे टैलेंटेड लोगों के योगदान और विरासत को दिखा रहा है। नई दिल्ली में बड़ी कामयाबी के बाद, यह सफर अब मुंबई आ रहा है, और फिर यह बैंगलोर और अहमदाबाद भी जाएगा।

## डमीकूल पाउडर ने अपने ट्रैफिक शेड पहल को लगातार तीसरे वर्ष भी जारी रखा है



पटना। डमीकूल, ईमामी लिमिटेड के घराने की ओर से एक प्रमुख प्रिक्ली हीट पाउडर ब्रांड है। गर्मी के इस मौसम में डमीकूल ने पूरे देश के 20 स्थानों पर अपने ट्रैफिक शेड पहल की शुरूआत की है। समाज कल्याण के लिए किए गए इस पहल का यह लागातार तीसरा वर्ष है। इससे बाइक सवारों और पैदल यात्रियों को चुभती चलती गर्मी से राहत मिलेगी। भारत के कई राज्यों में तापमान में काफी वृद्धि होने की संभावना है। फोरकास्ट की माने तो 2026 में गर्मी के मौसम में प्रचंड गर्मी का सामना करना होगा। डमीकूल ने लोगों की इस वास्तविक समस्या में जरूरी राहत प्रदान करने के लिए इस ट्रैफिक शेड पहल की शुरूआत की है। ब्रांडेड ओवरहेड शेड्स को पूरे भारत में 20 प्रमुख हाई-ट्रैफिक स्थानों पर लगाया जा रहा है। इन्हें विशेष रूप से उन ट्रैफिक सिग्नल्स पर लगाया जाएगा जहाँ एक मिनट से ज्यादा इंतजार करना पड़ता है और यात्रियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है। इससे गर्मी से संबंधित त्वचा की समस्या होने का जोखिम भी बढ़ता है। डमीकूल ट्रैफिक शेड्स, तपती धूप में इंतजार करने वाले बाइक सवारों और टू-व्हीलर सवारों को तुरंत राहत प्रदान करता है। इन शेड्स से सूरज की सीधी रौशनी आँखों में भी नहीं पड़ती है और सवारों को और भी साफ दिखता है जिससे संभवत एक सुरक्षित ट्रैफिक परिस्थिति भी तैयार होती है। इस साल, पटना के अशोक राजपथ रोड में डमीकूल ट्रैफिक शेड लगाया गया है। इस स्थान से बहुत ही ज्यादा यात्री सफर करते हैं और जिस समय गाड़ियों की संख्या सबसे अधिक होती है तब उन्हें काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। इस वर्ष के पहल के भाग के रूप में डमीकूल द्वारा कुछ चुनिंदा स्थानों पर मुफ़्त में प्रोडक्ट का सैंपल दिया जा रहा है। इससे तपती धूप और झुलसती गर्मी में बिना थके काम करने वाले ट्रैफिक पुलिस को नीम और तुलसी के अनोखे डबल पावर फॉमूर्लेशन की ठंडी राहत का एहसास मिलेगा।

इस वर्ष, पहल के तहत आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, ओडिशा, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ट्रैफिक शेड्स लगाए जाएंगे। इन सभी स्थानों पर लोगों को लंबे समय तक भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है। इस पहले के जरिये डमीकूल ने परंपरागत ऐडवर्टाइज़िंग तक अपने आप को सीमित न रखते हुए समाज कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर एकबार दशार्या है। इसके साथ गर्मियों की ह्वचुभती जलती गर्मी ह्व से ठंडक भरी राहत प्रदान करने के अपने वादे को भी पूरा किया है।

## हर्षदीप हॉर्टिको ने एच 2 एफवाय 26 के मजबूत परिणाम पेश किए



मुंबई। गमलों, प्लांटर्स, गार्डन एक्सेसरीज और आउटडोर फर्नीचर के मैन्युफैक्चरर और एक्सपोर्टर में विशेषज्ञता रखने वाली हर्षदीप हॉर्टिको लिमिटेड (बीएसईः हर्षदीप) ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही के दौरान कंपनी ने अपने वित्तीय प्रदर्शन में मजबूत वृद्धि दर्ज की है। इस अवधि में कुल रेवन्यू 36.07 करोड़ रहा, जो पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की समान अवधि के ?31.45 करोड़ के मुकाबले 15% की वार्षिक बढ़ोतरी दशार्ता है। मुनाफे के मोर्चे पर भी सकारात्मक परिणाम देखे गए, जहाँ प्रॉफिट बिफोर टैक्स (PBT) 5.48 करोड़ से 25% बढ़कर 6.82 करोड़ पर पहुँच गया। इसी क्रम में, शुद्ध लाभ यानी प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (PAT) में भी शानदार बढ़त हुई है; यह पिछले वर्ष के 5.47 करोड़ की तुलना में 24.68% की वृद्धि के साथ ?6.82 करोड़ दर्ज किया गया, जो कंपनी की बेहतर परिचालन दक्षता और मजबूत विकास को रेखांकित करता है। परिणामों पर डायरेक्टर हितेश शाह ने कहा कि, हर्षदीप हॉर्टिको लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में मजबूत प्रदर्शन किया, जो हॉर्टिकल्चर और आउटडोर लाइफस्टाइल सेक्टर में कंपनी की दृढ़ता, ऑपरेशनल एक्सीलेंस और स्ट्रेटेजिक फोकस को दशार्ता है। कंपनी को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि उसने प्रति शेयर 0.25 रुपये का डिविडेंड घोषित किया है, जो शेयरधारकों को वैल्यू प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 हर्षदीप हॉर्टिको के लिए एक निर्णायक वर्ष रहा है। हमने प्लांटर सेगमेंट में अपनी नेतृत्व क्षमता को मजबूत किया है, साथ ही कृषि शेड नेट जैसी नई श्रेणियों में भी दमदार प्रवेश किया है, जिससे इनोवेशन बेस्ड डेवलपमेंट के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और भी मजबूत हुई है। हमारा लक्ष्य स्पष्ट रहाः बेहतर डिजाइन, एडवांस मैनुफैक्चरिंग और प्रीमियम स्थिति। प्रोडक्ट रेंज के विस्तार से लेकर वितरण और कार्यान्वयन को बेहतर बनाने तक, इस वर्ष उठाया गया हर कदम लांग टर्म वैल्यू क्रिएशन के अनुरूप रहा है। हमें सबसे अधिक उत्साहित करने वाली बात वह नींव है जिसे हम मजबूत कर रहे हैं - एक ऐसी नींव जो रचनात्मकता के साथ-साथ व्यापकता और महत्वाकांक्षा के साथ निरंतरता का संयोजन करती है। आगे बढ़ते हुए, हम सीमाओं को आगे बढ़ाने और ऐसे प्रोडक्ट्स बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी विशिष्ट हों। हाल ही में, कंपनी ने अपनी विस्तार और इनोवेशन स्ट्रेटेजी के तहत 19 अप्रैल, 2026 को रोटोमोल्डेड डेकोरेटिव वॉटर फाउंटेन नामक एक नई प्रोडक्ट रेंज लॉन्च की है। यह प्रोडक्ट इनडोर और आउटडोर डेकॉर एवं लैंडस्केप समाधानों के अंतर्गत आता है और शुरूआत में घरेलू बाजार को लक्षित करेगा, जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार की योजना है।

## तबादले पर भावुक हुए डीएम डॉ. दिनेश चंद्र, जनपदवासियों का जताया आभार



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विशेष सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पद पर स्थानांतरण के बाद जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने भावुक होकर जनपदवासियों, जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं एवं पत्रकारों सहित सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विगत डेढ़ वर्षों तक उन्हें जौनपुर में जिलाधिकारी के रूप में कार्य करने का अवसर मिला, जो उनके लिए चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ सीख से भरपूर रहा। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान का लगातार प्रयास किया गया। अपने कार्यकाल को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जनपद के समग्र विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी कार्य किए गए। आर्थिक उन्नयन के लिए बैंक अधिकारियों के सहयोग से सीडी रेशियो में वृद्धि की गई, वहीं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत जौनपुर को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा, अधिवक्ताओं के सहयोग से राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण और लंबित मामलों का समाधान भी कराया गया।

उन्होंने इन उपलब्धियों को सामूहिक प्रयास का परिणाम बताते हुए सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने जिलाधिकारी पद का कार्यभार ध्रुव खाड़िया को सौंप दिया। साथ ही जिलाधिकारी न्यायालय पहुंचकर न्याय की कुर्सी को नमन किया और सभी से न्याय के मार्ग पर चलने की अपील की।

## अजय दुबे अध्यक्ष व रविशंकर पाण्डेय भारतीय जनता पार्टी पवांरा मंडल के महामंत्री नियुक्त



-विष्णुकांत मिश्रा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी ने अजय दुबे को पवांरा मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अजय दुबे क्षेत्र में एक विशिष्ट स्थान रखतें हैं। वह एक तेजतर्रार उदारवादी समाजसेवी नेता है। एक सरल सौम्य, विवेकवान, मृदु भाषी, विनम्र, ऊजार्वान व्यक्ति है। वहीं सेमरिया निवासी रवि शंकर अद्याशंकर पांडे को पार्टी का मंडल महामंत्री नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। अपनी नियुक्ति पर रविशंकर पाण्डेय ने भाजपा जौनपुर पवारा मंडल अध्यक्ष अजय कुमार यमुना प्रसाद दुबे, जौनपुर जिला अध्यक्ष अजीत प्रजापति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। रवि शंकर अद्याशंकर पांडे व अध्यक्ष अजय कुमार यमुना प्रसाद दुबे ने इस अवसर पर कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और भारत के विकास के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन द्वारा दी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का वे पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करेंगे। सामाजिक क्षेत्र में उनके दीर्घ अनुभव को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। इन दोनों के नियुक्ति से भाजपा पवारा मंडल को एक सशक्त और प्रभावी कार्यकर्ता मिला है।

## टीन के बक्से में उतरे करंट की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। सरपतहां थाना क्षेत्र के जमदरा गांव में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में एक वृद्ध महिला की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी चंद्रवती देवी (65 वर्ष), पत्नी बाके लाल, घर के अंदर रखे टीन के बक्से से सामान निकाल रही थीं। इसी दौरान बक्से में किसी विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आने से करंट उतर रहा था, जिसकी उन्हें जानकारी नहीं थी। जैसे ही उन्होंने बक्से को छुआ, वह करंट की चपेट में आकर अचेत हो गईं। परिजन तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सुरेरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 51.800 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। जनपद में अपराध एवं नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सुरेरी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को भारी मात्रा में गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर धौकलगंज से चोरघट्टा पुल की ओर से आ रही एक संदिग्ध महिंद्रा SUV 500W (UP32 EM6789) को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से 51.800 किलोग्राम गांजा, एक नोकिया कीपैड मोबाइल तथा 600 रुपये नकद बरामद किया गया। मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## विधायक स्नेहा दुबे पंडित कार्यालय पर भाजपा की जीत का जश्न




वसईरोड। आज पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में वसई वेस्ट स्थित विधायक स्नेहा दुबे पंडित के पब्लिक रिलेशन्स कार्यालय पर भव्य उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं और समर्थकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

जनता से मिले अपार समर्थन के लिए विधायक ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत विकास, विश्वास और देशहित की राजनीति की जीत है। प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत और जनता के आशीर्वाद को उन्होंने नमन किया। विधायक ने आगे कहा कि यह विजय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई ऊर्जा और संकल्प के साथ क्षेत्र की सेवा और विकास कार्यों को और तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

## जौनपुर में भाजपा की जीत पर जश्न, नेताओं ने बताया सुशासन और विश्वास की जीत



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, पांडुचेरी और केरल में विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। जौनपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति के नेतृत्व में कार्यकतोओं ने पटाखे फोड़कर और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि चुनाव परिणाम यह दर्शाते हैं कि देश की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और विकास की राजनीति पर अटूट विश्वास है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत और असम में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की सफलता का प्रमाण है। जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने इसे लोकतंत्र का ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने हिंसा और तुष्टिकरण की राजनीति को नकारते हुए सोनार बांग्ला के संकल्प को चुना है। साथ ही उन्होंने दक्षिण भारत में भाजपा के बढ़ते जनाधार पर भी जोर दिया।

जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता ने कहा कि यह जनादेश भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था के मुद्दों पर जनता की स्पष्ट प्रतिक्रिया है। वहीं संदीप तिवारी ने असम में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में एनडीए की लगातार तीसरी जीत को ऐतिहासिक बताया। जिला महामंत्री अजय सिंह ने कहा कि पांडुचेरी में एनडीए की बढ़त केंद्र और स्थानीय प्रशासन के बेहतर समन्वय का परिणाम है। जिला उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने कहा कि तमिलनाडु में भाजपा का बढ़ता जनाधार भविष्य में बड़े राजनीतिक बदलाव का संकेत है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ने सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत पार्टी के कार्यकताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिन राज्यों में भाजपा को जनादेश मिला है, वहां विकास कार्यों को और गति दी जाएगी। इस दौरान परविंदर चौहान, नीरज मौर्य, अमित श्रीवास्तव, देवी प्रसाद सिंह, राजकेशर पाल, धर्मेंद्र मिश्र, राजेश गुप्ता, दीपक सिंह, घनश्याम यादव, मेराज हैदर, मनीष श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, पंकज श्रीवास्तव, विकास ओझा और श्रवण सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कल्याण भाजपा संगठन में राजस्थानी समाज को मिली नई मजबूती

### नरेश राजपुरोहित ठाकुरला को पुनः जिम्मेदारी

-गजेन्द्र प्रजापति

कल्याण (उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महाराष्ट्र ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए नरेश भाई राजपुरोहित ठाकुरला को पुनः कल्याण जिल्हा अध्यक्ष राजस्थान प्रकोष्ठ का दायित्व सौंपा है। इस नियुक्ति के बाद उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

नरेश राजपुरोहित ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की नीतियों और कार्यशैली से प्रेरित हैं। उन्होंने इस पद को केवल पहचान



नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र सेवा का एक पवित्र संकल्प बताया। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र प्रदेश नेतृत्व, विशेष रूप से प्रदेश अध्यक्ष रवि दादा और जिला अध्यक्ष नंदुजी परब के मार्गदर्शन में कार्य करना उनके लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

नरेश राजपुरोहित ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। उनका मुख्य लक्ष्य राजस्थान प्रकोष्ठ के माध्यम से महाराष्ट्र में बसे प्रवासी राजस्थानी समाज को भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ना रहेगा। अंत में उन्होंने कार्यकर्ताओं और समाजबंधुओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से कल्याण में भाजपा को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। इस नियुक्ति के बाद उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने किया ओवरब्रिज के निर्माण कार्य का निरीक्षण



वसई। वसई पूर्व-पश्चिम रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य का निरीक्षण आज वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने रेलवे ओवरब्रिज से जुड़े अधिकारियों, कॉन्ट्रैक्टर और स्थानीय कामगारों के साथ बैठक कर परियोजना की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों द्वारा मॉनसून के समय दोनों ओर मिट्टी भरने और नालियों के जाम होने की आशंका व्यक्त की गई थी। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने संबंधित अधिकारियों को तीन दिनों के भीतर मिट्टी भराव और नालियों की संपूर्ण सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, वसई ईस्ट क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन द्वारा बनाए जा रहे एक मॉन्यूमेंट का कुछ हिस्सा ब्रिज निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहा है। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

विधायक ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि मॉनसून शुरू होने से पहले ब्रिज का निर्माण कार्य, पिचिंग और अतिरिक्त मिट्टी हटाने का काम हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस निरीक्षण के दौरान मुंबई रेल विकास कॉर्पोरेशन के इंचार्ज मनीष पटेल, साइट इंचार्ज कृष्ण यादव, असिस्टेंट इंजीनियर एस. के. भरतवाज, इंजीनियर शशि सिंह, वसई-विरार सिटी म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के कॉर्पोरेटर प्रदीप पवार, श्रीमती निम्मी निपुण दोशी, श्रीमती अपर्णा पाटिल, वसई ईस्ट साउथ मंडल अध्यक्ष उदय शेट्टी, माइनॉरिटी फ्रंट जिला अध्यक्ष मैथ्यू कोलासो सहित कई जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।